भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
**लिखित प्रश्न सं. 2556#**
मंगलवार, 10 अगस्त, 2021/19 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन क्षेत्र में नुकसान**

**2556#. श्री अजय प्रताप सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोविड-19 के कारण लॉकडाउन एवं बंद पड़ी गतिविधियों की वजह से पर्यटन क्षेत्र में सरकार को हुए नुकसान के संदर्भ में मध्य प्रदेश राज्य को कितना नुकसान हुआ है; और

(ख) क्या सरकार का विचार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना लाने का है?

**उत्तर**
**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाउन और कार्यकलापों के बंद होने के परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश राज्य सहित पर्यटन क्षेत्र को हुए नुकसान के राज्य-वार आकलन के लिए कोई औपचारिक अध्ययन नहीं किया है । तथापि मध्य प्रदेश सरकार से मिली सूचना के अनुसार, ''लॉकडाउन के दौरान सभी यात्रा एवं पर्यटन संबंधी कार्यकलाप ठप्प हो गए थे जिसने वित्तीय दृष्टि से इस क्षेत्र को निश्चित रूप से अत्यधिक प्रभावित किया है'' ।

(ख): पर्यटन के संवर्धन के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण इस प्रकार है:

(i) मौजूदा परिदृश्य में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधित कर दी गई है । जिसने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अत्यधिक प्रभावित किया है अत: यह मंत्रालय 'देखो अपना देश' अभियान के तहत देश में घरेलू पर्यटन स्थलों के संवर्धन पर अत्यधिक फोकस कर रहा है । पर्यटक तथा पर्यटन समुदाय के बीच विश्वास बहाल करने के लिए यह अभियान पर्यटन मंत्रालय का फोकस क्षेत्र बन गया है । अल्पज्ञात विरासत स्थलों, हमारे देश की परंपरा, संस्कृति, इतिहास तथा विरासत संबंधी लोक कथाओं जैसे घरेलू पर्यटन उत्पादों के रूप में अभिज्ञात ऐसी थीमों पर नियमित रूप से वेबिनारों की श्रृंखला आयोजित की गई हैं जिन्हें अभी तक कवर नहीं किया गया है ।

(ii) लॉकडाउन के दौरान देश भर के प्रमुख शहरों और सांस्कृतिक/विरासत परिसंपत्तियों (दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, बंगलुरु, उडुपि, औरंगाबाद, प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल) की हवाई फोटोग्राफी करवाई गई है।

(iii) घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लिए सोशल मीडिया का व्यापक रूप से उपयोग किया गया है ।

(iv) घरेलू पर्यटन के संवर्धन के लिए केवड़िया (गुजरात), श्रीनगर, गोवा आदि सहित अनेक स्थानों में रोड शो आयोजित किए गए हैं।

(v) कोविड के बाद के परिदृश्य में भारत को एक सुरक्षित गंतव्य बनाने के बारे में पर्यटकों के साथ-साथ सुविधाप्रदाताओं के बीच सुरक्षा एवं संरक्षा प्रोटोकॉल के बारे में जागरूकता पैदा करना ।

(vi) यह मंत्रालय यात्रियों को यात्रा संबंधी प्रोटोकॉल बनाए रखने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित करता रहता है साथ ही मंत्रालय ने सुरक्षित प्रचालन जारी रखने की तैयारी और कोविड महामारी से पैदा हुए जोखिमों को कम करने में आतिथ्य उद्योग की सहायता के लिए निधि तथा साथी योजनाओं के तहत आतिथ्य उद्योग के लिए एक सकारात्मक पहल की है।

*****